कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर।

सूचना

माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्रांक संख्या 1538/एसएलएसए–37ए/2010 दिनांक मई, 06, 2024 व पत्रांक संख्या 1801/एसएलएसए –37ए/2010 दिनांक मई, 22, 2024 के अनुपालन में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के पत्रांक संख्या 27/डी0एल0एस0ए0/2024–25 ललितपुर दिनांक 01.06.2024 में संविदा के आधार पर सृजित पद तृतीय श्रेणी (जूनियर असिस्टेंट) कनिष्ठ लिपिक के विज्ञापित दो पदों के संदर्भ में दिनांक 07.08.2024 को चयन समिति की बैठक में निर्गत निर्देश के अनुक्रम में समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा की तिथि दिनांक 21.08.2024 को प्रातः 10:00 बजे से नियत है। समस्त अभ्यर्थी प्रातः 09:00 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय ललितपुर के सभागार के समक्ष अनिवार्य रूप से अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों (अंक प्रमाण पत्र, ट्रिपल सी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड (विशेष परिस्थिति में ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर आई.डी.) निवास प्रमाण पत्र सहित उपस्थित रहेगें।

हिन्दी टंकण परीक्षा Font Inscript पर होगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी में निर्धारित टंकण अर्हता (विज्ञापन में वर्णित) के सापेक्ष परीक्षा में प्राप्तांक एवं साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांक के योग के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। आवेदन पत्र व प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्रों में भिन्नता पाये जाने पर स्वतः अभ्यर्थन निरस्त माना जायेगा। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक डिवाइस, इलेक्ट्रानिक वॉच, मोबाइल आदि का प्रयोग प्रतिबंधित है। ऐसे उपकरणों को पृथक कक्ष में जमा कराने की व्यवस्था रहेगी। किसी भी अभ्यर्थी के परीक्षा में अनुचित व प्रतिबंधित साधनों का प्रयोग करते पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त माना जायेगा तथा उसके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परीक्षा के आयोजन की तिथि आदि की सूचना अभ्यर्थियों को जरिये ई–मेल, वॉटसअप पर सूचित करें तथा सूचना की प्रति जिला न्यायालय व मा0 उच्च न्यायालय की बेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाय। कलेक्ट्रेट ललितपुर के सूचना पट पर भी सूचना की प्रति चस्पा की जाय। जिला बार एसोसियेशन के सूचना पट पर भी सूचना की प्रति चस्पा की जाय। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के नोटिस बोर्ड पर सूचना की प्रति चस्पा की जाय। जिला सूचना अधिकारी ललितपुर को सूचना की प्रति इस आशय से प्रेषित की जन साधारण को उक्त परीक्षा की सूचना हेतु दैनिक प्रचलित समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराये। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं केन्द्रीय नाजिर परीक्षा के आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था करें। सिस्टम ऑफीसर, सिविल कोर्ट ललितपुर टंकण परीक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ललितपुर व पुलिस अधीक्षक ललितपुर को परीक्षा के आयोजन की सूचना प्रेषित की जाय ताकि परीक्षा के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व जांच हेतु समुचित पुलिस बल की तैनाती हो और कोई अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो सके।

दिनांकः– 07.08.2024

07.08.24

(यशवन्त कुमार सरोज)
अपर जिला जज/ सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
ललितपुर।